<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 18.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष मंत्रालय ने गूगल के साथ किया करार, नमस्ते योग एप किया लॉन्च।
2. पश्चिमी सिंहभूम में पांच नक्सलियों को मारने वाले पुलिस कर्मियों को चाईबासा में आज पुलिस महानिदेशक ने किया सम्मानित, कहा–नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगा अभियान।
3. रांची और चौपारण पुलिस ने डेढ़ करोड़ रूपये मूल्य का मादक पदार्थ डोडा किया जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार।
4. झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता रांची में आज से, राज्यभर के एक हजार पांच सौ पुलिस कर्मी होंगे शामिल।

******************

21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इस बार श्रीनगर में होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रताप राव जाधव ने आज दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि योग दिवस को लेकर नमस्ते योग एप लॉन्च किया गया है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गूगल मैप के साथ करार हुआ है। उन्होंने बताया कि इस बार योग दिवस की थीम स्वयं और समाज के लिए योग रखा गया है। श्री जाधव ने देशवासियों का आह्वान किया कि वे योग दिवस पर अपनी सहभागिता निभाएं और योग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयास को बल दें।

******************

गिरिडीह में 21 जून को होने वाले अंतर राष्ट्रीय योग दिवस समारोह को लेकर तैयारियां चल रही है। गिरिडीह रेडक्रॉस सोसायटी के भवन में योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें गिरिडीहवासी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी जाएंगे। श्री मोदी वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लेंगे। श्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड़ 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी करेंगे। अब तक 11 करोड़ से अधिक योग्य किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन करोड़ चार लाख से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सखी के रूप में स्व–सहायता समूहों की तीस हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे।

******************

भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को चुनाव की कमान सौंपी गयी है। दोनों ही नेता भाजपा के बड़े रणनीतिकार और संगठनकर्त्ता माने जाते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड को लेकर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व का यह बड़ा फैसला है। झारखंड में अगले तीन से चार महीने में विधानसभा चुनाव होने के आसार हैं।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र के गुवा थाना क्षेत्र स्थित जंगल में कल हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच लाख के इनामी सहित पांच नक्सलियों को मार गिराया था। वहीं दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया था। इस मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मियों को आज पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने पुलिस केंद्र चाईबासा में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नक्सलियों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा।

******************

रांची पुलिस ने खूंटी से राजस्थान ले जा रहे करीब एक करोड़ रूपये मूल्य के डोडा को जब्त किया है। रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा को जानकारी मिली थी कि नामकुम से होते हुए एक ट्रक में डोडा

राजस्थान ले जाया जा रहा है। इसी सूचना पर रांची पुलिस ने खूंटी और रांची से सटे सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया और नामकुम से डोडा लदे ट्रक को पकड़ा। हालांकि तस्कर ट्रक को छोड़ फरार हो गए। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

******************

उधर हजारीबाग जिले के चौपारण पुलिस ने 45 लाख रुपए मूल्य का डोडा जब्त करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि एक स्थानीय होटल के आसपास एक ट्रक पर अवैध रूप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा है। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने डोडा जब्त किया।

******************

गिरिडीह जिले में स्कूली बच्चों को मादक पदार्थों के सेवन से बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

******************

सरायकेला–खरसावां के चांडिल एन एच–33 चौक थाना क्षेत्र में आज सुबह स्पेशल टास्क फोर्स ने एक अवैध कोयला लदे ट्रक को ज़ब्त किया है। जिसकी जांच चल रही है। पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो की ओर से गठित स्पेशल टास्क फोर्स को सूचना मिली कि एक ट्रक में कोयला का परिवहन किया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस ने छापामारी कर ट्रक को ज़ब्त किया है।

******************

पश्चिम बंगाल में कल अगरतला–सियालदह कंचनजंगा एक्सप्रेस और एक मालगाडी की टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 60 लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के निकट परिजन और घायलों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घटनास्थल का दौरा किया और अस्पताल में घायलों से भी मुलाकात की। रेल मंत्री ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 10 लाख रूपये, गंभीर रूप से घायलों को 2 लाख पचास हजार और मामूली चोट के मामलों में पचास हजार रुपये दिए जाऐंगे।

******************

लिंक रेक के विलंब से चलने की वजह से रांची–पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन आज अपने निर्धारित समय दो बजकर 25 मिनट की जगह चार बजकर दस मिनट पर रांची से प्रस्थान करेगी।

******************

सरायकेला खरसावां जिले में आदित्यपुर थाना क्षेत्र के मांझीटोला संजय नगर के पास देर रात अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों पर गोलियां चलाई। इस घटना में सरायकेला–खरसावां युवा राजद ज़िला अध्यक्ष उदित यादव के भाई सहित एक अन्य युवक को गोली लगी है। जिनका इलाज टीएमएच अस्पताल में चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

******************

झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता–2024 का आयोजन आज से रांची में किया जा रहा है। टाटीसिलवे स्थित जैप परिसर में दिन के साढ़े तीन बजे इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जैप के पुलिस उपमहानिरीक्षक पटेल मयूर कन्हैयालाल करेंगे। प्रतियोगिता में राज्यभर से एक हजार पांच सौ खिलाड़ी और पचास तकनीकी पदाधिकारी शामिल होंगे।

******************

झारखंड में आज से मौसम बदलेगा। मौसम विभाग ने आज रांची और आसपास के क्षेत्रों में अगले चौबीस घंटे के दौरान तेज हवा और वज्रपात के साथ बारिश की संभावना जतायी है। पिछले चौबीस घंटे के दौरान रांची और आसपास के क्षेत्रों में बारिश भी हुई है। मौसम विभाग की ओर से रांची और आसपास के क्षेत्रों के लिए बारिश और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य के पलामू क्षेत्र में लू चलने को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाये रहने से कई जिलों में तापमान में एक से दो डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

*************